अंक 23 माह: जून 2026

# विश्वत
मासिक पत्रिका



CVRU DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
AN ISO 9001:2015 CERTIFIED FOR QMS
A part of aisect india Khandwa, Madhya Pradesh
Approved by: MP Govt., AICTE, NCTE, MP PARAMEDICAL COUNCIL, PCI, Recognized by: UGC Member of: AIU

विश्वविद्यालय मासिक पत्रिका
"ऊर्जस्वला वर्चस्वला अतिनिष्ठला विजये
We are Energetic, Influential and are Always Committed"

## मास का सूत्र

"ज्ञान आपको महान बनाता है। सीखना रचनात्मकता देता है, रचनात्मकता सोच की ओर ले जाती है, सोच ज्ञान प्रदान करती है, और ज्ञान आपको नए अवसरों के शिखर पर ले जाता है।"
— डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## संपादकीय ज्ञान के नए क्षितिज: नई शिक्षा, नए अवसर, नई संभावनाएँ

"जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा हो, जहाँ ज्ञान मुक्त हो..."


गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर का यह स्वप्न केवल एक कवि की कल्पना नहीं, बल्कि ऐसे भारत की परिकल्पना है जहाँ शिक्षा मनुष्य को स्वतंत्र विचार, रचनात्मक चिंतन और उत्कृष्ट कर्म की प्रेरणा दे। एक ऐसा समाज जहाँ ज्ञान सीमाओं में बँधा न हो, बल्कि प्रत्येक जिज्ञासु मन तक सहजता से पहुँचे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 इसी स्वप्न को समकालीन संदर्भों में साकार करने का प्रयास है।

शिक्षा का स्वरूप निरंतर परिवर्तित हो रहा है। आज की शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को समझने, समस्याओं का समाधान खोजने, नवाचार करने और समाज के प्रति उत्तरदायी बनने की प्रक्रिया है। इसी दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 विद्यार्थियों को बहुविषयक अध्ययन, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए एक समग्र शिक्षण व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करती है।

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, खंडवा भी इसी परिवर्तनकारी दृष्टि को आत्मसात करते हुए शिक्षा को अधिक प्रासंगिक, रोजगारोन्मुख और भविष्य-उन्मुख बनाने के लिए सतत् प्रयासरत है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय ने विभिन्न संकायों में नए पाठ्यक्रम, समकालीन विषय, अद्यतन पाठ्यचर्या तथा कौशल-आधारित अध्ययन को सम्मिलित किया है, जिससे विद्यार्थियों को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप सीखने और आगे बढ़ने के व्यापक अवसर प्राप्त हों।

"विश्वत" के इस अंक में इन्हीं नवीन शैक्षणिक पहलों, पाठ्यक्रमों और विषयों का परिचय प्रस्तुत किया गया है। यह केवल जानकारी का संकलन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप सही दिशा चुनने का आमंत्रण है। हमें विश्वास है कि यह अंक नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए समान रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

विश्वविद्यालय केवल अध्ययन का स्थान नहीं, बल्कि विचारों का उद्यान, संस्कारों की पाठशाला और सपनों को आकार देने वाली कर्मभूमि है। यहाँ पुस्तकालय जिज्ञासा को विस्तार देता है, प्रयोगशालाएँ कल्पनाओं को नवाचार में बदलती हैं, शिक्षक अनुभव का प्रकाश बाँटते हैं और विद्यार्थी अपने परिश्रम से भविष्य की नई इबारत लिखते हैं।



इस नए शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय परिवार से जुड़े सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हम हार्दिक स्वागत करते हैं। आपके सामने अवसरों का एक विस्तृत आकाश है। जिज्ञासु बनिए, प्रश्न पूछिए, सीखने का साहस बनाए रखिए और अपने ज्ञान को समाज के कल्याण से जोड़िए। यही नई शिक्षा का सार है और यही सफलता का आधार भी।

आइए, गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के उस स्वप्न को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें, जहाँ ज्ञान मुक्त हो, विचार स्वतंत्र हों, कौशल सशक्त हो और शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में नई संभावनाओं का द्वार खोले।

ज्ञान से नवाचार, कौशल से आत्मनिर्भरता, शिक्षा से राष्ट्रनिर्माण

— संपादकीय मंडल
विश्वत (VISHVAT)
डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, खंडवा

## वृतांत



### डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय में कैंपस रिक्रूटमेंट, 21 छात्रों ने दिए इंटरव्यू

डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय, खंडवा में रोजगार भारती अभियान के तहत कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इसमें 48 विद्यार्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से 21 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया। रमन ग्रीन्स प्राइवेट लिमिटेड ने मार्केटिंग एवं प्रोडक्शन ट्रेनी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियों को मॉक इंटरव्यू, व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय ने इस पहल को विद्यार्थियों के बेहतर करियर और रोजगार के अवसरों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की पहल: स्व-सहायता समूह की महिलाओं हेतु 5 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, खंडवा के रामन इनक्यूबेशन सेंटर एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त सहयोग से स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए पाँच दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को प्याज, टमाटर एवं अरबी पाउडर निर्माण की आधुनिक तकनीकों के साथ उद्यमिता, मूल्य संवर्धन, विपणन एवं स्वरोजगार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाना था। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें समूह आधारित उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।




### डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में ' S T E M - पावर्ड सैटेलाइट एक्सप्लोरेशन' कार्यशाला आयोजित

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, खंडवा में 'STEM-पावर्ड सैटेलाइट एक्सप्लोरेशन' विषय पर तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता इसरो (ISRO) के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. सतीश सेतुमाधव राव ने सैटेलाइट तकनीक, मौसम निगरानी प्रणाली तथा अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में WeMoSat एवं ReMoSat प्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को रियल-टाइम मौसम डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण की जानकारी दी गई। कुलगुरु डॉ. अरुण रमेश जोशी ने इसे शोध, नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। इस आयोजन से विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक अंतरिक्ष एवं सैटेलाइट तकनीकों को समझने का अवसर मिला।





## डॉ. सीवी रामन विश्वविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर नदी विज्ञान पर परिचर्चा हुई (विश्वविद्यालय की वनमाली वाटिका में जमीन पर बैठ कर पर्यावरण और नदी संरक्षण पर विमर्श किया)

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. सीवी रामन विश्वविद्यालय, खंडवा की वनमाली वाटिका में 'नदी विज्ञान एवं नदी संरक्षण' विषय पर खुली परिचर्चा आयोजित की गई। कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी ने नदी विज्ञान को




विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता बताते हुए रिवर साइंस का विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा की। कुलसचिव श्री रवि चतुर्वेदी ने नदी संरक्षण को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनाने पर बल दिया। परिचर्चा में शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और सतत विकास के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। यह आयोजन रामानुजन स्कूल ऑफ साइंस द्वारा प्रकृति के बीच पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया।




## डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय,खंडवा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजनन

डॉ. डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, खंडवा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) प्रकोष्ठ, वीर शहीद टंट्या मामा खेल विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में योग दिवस 2026 की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" पर विशेष चर्चा हुई तथा प्रतिभागियों ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। मुख्य अतिथि श्रीमती आशा उपाध्याय ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए नियमित योगाभ्यास का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक योग प्रदर्शन रहा।

















## भविष्य की शिक्षा: आज की सही राह से

तेज़ी से बदलती इस दुनिया में सफलता उन्हीं को मिलती है जो सही समय पर सही कौशल और ज्ञान चुनते हैं। डॉ. सी.वी.रामन विश्वविद्यालय, खंडवा में हमारा प्रयास है कि हम अध्ययनशाला (School) के माध्यम से आपको ऐसा शैक्षणिक वातावरण प्रदान करें जहाँ नवाचार (Innovation), व्यावहारिक प्रशिक्षण और करियर के नए द्वार एक साथ खुल सकें। सत्र 2026–27 के अंतर्गत संचालित हमारे विभिन्न अध्ययनशाला और पाठ्यक्रमों की विस्तृत सूची नीचे दी गई है, जो आपके करियर को एक नई दिशा देने के लिए तैयार किए

## डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, खंडवा — विभिन्न अध्ययनशालाएं एवं पाठ्यक्रम (सत्र 2026–27)

1. महर्षि कर्वे कला, मानविकी एवं भाषा अध्ययनशाला (Maharishi Karve School of Liberal Arts, Humanities & Languages)
   - स्नातक (Undergraduate): BA, B.Lib, BSW (समाज कार्य में स्नातक)
   - स्नातकोत्तर (Postgraduate): MA, M.Lib, MSW (समाज कार्य में स्नातकोत्तर)
2. महर्षि कौटिल्य वाणिज्य अध्ययनशाला (Maharishi Kautilya School of Commerce)
   - स्नातक (Undergraduate): B.Com (Plain / CMA), B.Com (Taxation), B.Com (Computer Application)
   - स्नातकोत्तर (Postgraduate): M.Com (Computer Application)
3. ऋषि पाराशर कृषि विज्ञान अध्ययनशाला (Rishi Parashar School of Agriculture Science )
   - स्नातक (Undergraduate): B.Sc (Agriculture), B.Sc Ag (Horticulture), B.Sc Ag (Natural Farming)
   - स्नातकोत्तर (Postgraduate): M.Sc (Agriculture)
4. डॉ. कलाम ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला (Dr. Kalam School of Rural Technology)
   - पाठ्यक्रम: B.Tech (Agriculture)
5. एस. रामानुजन विज्ञान अध्ययनशाला (S. Ramanujan School of Science)
   - स्नातक (Undergraduate): B.Sc (CBZ), B.Sc (PCM), B.Sc (Microbiology)
   - स्नातकोत्तर (Postgraduate): M.Sc (Mathematics), M.Sc (Chemistry), M.Sc (Zoology), M.Sc (Physics)
6. स्वामी विवेकानंद प्रबंधन अध्ययन एवं उद्यमिता विकास अध्ययनशाला (Swami Vivekanand School of Management Studies & Entrepreneurial Development)
   - स्नातक (Undergraduate): BBA,
   - स्नातकोत्तर (Postgraduate): MBA, MBA (Agribusiness , family Business ,HR, Finance, Marketing )
7. वनमाली शिक्षा अध्ययनशाला (Vanmali School of Education)
   - स्नातक (Undergraduate): B.Ed
   - स्नातकोत्तर (Postgraduate): M.A. Ed
8. महर्षि चरक पैरामेडिकल साइंस अध्ययनशाला(Maharishi Charak School of Paramedical Science)
   - पाठ्यक्रम: BPT (फिजियोथेरेपी), BMLT, DMLT
9. एम.एल. श्रॉफ फार्मेसी अध्ययनशाला (M.L. Schroff School of Pharmacy)
   - पाठ्यक्रम: B.Pharm, D.Pharm
10. 'टेक्नो' -पार्क कंप्यूटर साइंस एवं आईटी अध्ययनशाला (Techno -Park School of CS & IT)
    - स्नातक (Undergraduate): BCA, DCA
    - स्नातकोत्तर (Postgraduate): MCA, PGDCA
11. सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया व्यावसायिक अध्ययन अध्ययनशाला(Sir Mokshagundam Visvesvaraya School of Vocational Studies)
    - पाठ्यक्रम: B.Voc, M.Voc
12. कामधेनु डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला(Kamdhenu School of Dairy Science & Technology)
    - पाठ्यक्रम: B.Sc (Food Science / Dairy Science)
13. विश्वकर्मा इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला (पॉलीटेक्निक)(Vishwakarma School of Engineering and Technology)
    - डिप्लोमा/डिग्री पाठ्यक्रम: Mechanical Engineering, Electrical Engineering, Civil Engineering, Computer Science & Engineering (AI & ML), Computer Science & Engineering, Food Technology
14. उच्च अनुसंधान केंद्र (Research Programs)
    - Ph.D. (विज्ञान, कृषि, प्रबंधन, शिक्षा, राजनीति विज्ञान, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, एवं वाणिज्य)


## संपादकीय मंडल

संरक्षक : प्रो. (डॉ.)अरुण रमेश जोशी,
कुलगुरु, सी. वी. आर. यू. खंडवा,
प्रधान संपादक : श्री रवि चतुर्वेदी,
कुलसचिव, सी. वी. आर. यू., खंडवा,
कार्यकारी संपादक : प्रो. नेहा शुक्ला, मुख्य प्रकाशन अधिकारी
सदस्य : 1. डॉ. सीमा शर्मा, डायरेक्टर रिसर्च एंड इनोवेशन
2. डॉ. गणेश मलगाया, डायरेक्टर केंद्रीय प्रयोगशाला समन्वयक
3. प्रो. योगेश महाजन, अधिष्ठाता अकादमिक
संकल्पना : इंजी. प्रमोद पटेल, ग्राफिक डिजाइनर
प्रकाशन विभाग
संचार एवं प्रसार : श्री मनदीप सिंह पंवार, अध्ययनशाला समन्वयक
आर्यभट्ट स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग
श्री हमज़ा मलिक,
वनमाली केन्द्रीय ग्रंथालय